GRADE 8 **REVISION WORKSHEET - TERM1**

निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर उत्तर लिखिए

संसार में सबसे मूल्यावान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करे।

(क) समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?

(i) इसका एकक्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता

(ii) सम्य व्यक्ति के वश में नहीं है।

(iii) समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है

(iv) मनुष्य उस समय की गति को नहीं रोक सकता

(ख) विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है

(i) जीवन को सुखी बनाना

(ii) गुरुओं का आदेश मानना

(iii) व्यक्ति के जीवन में समय का महत्त्व

(iv) शिक्षा प्राप्त करना

(ग) विद्यार्थी जीवन भर क्यों पछताते रहते हैं ?

(i) क्योंकि वे आलसी होते हैं
(ii) जो अपना कीमती समय मौज मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।
(iii) जो ज्ञान प्राप्त नहीं करते।
(iv) जो विद्यार्थी माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते

(घ) संमय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है?
(i) परिश्रम करें
(ii) मन लगाकर पढ़ाई करें
(iii) बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें
(iv) असफल होने पर निराश न हों, पुनः प्रयास करें

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक सुझाइए
(i) समय का सदुपयोग
(ii) समय और मनुष्य
(iii) विद्यार्थी और समय
(iv) अमूल्य समय उत्तर

II.निम्नलिखित **पठित** गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **किन्ही तीन** प्रश्नों के सही उत्तर- विकल्पों में से चुनकर लिखिए।

लाला झाऊलाल मुश्किल से दो-एक बूंट पी पाए होंगे कि न जाने कैसे उनका हाथ हिल उठा और लोटा छूट गया। लोटे ने दाएँ देखा न बाएँ, वह नीचे गली की ओर चल पड़ा। अपने वेग में उल्का को लजाता हुआ वह आँखों से ओझल हो गया। किसी ज़माने में न्यूटन नाम के किसी खुराफाती ने पृथ्वी की आकर्षण शक्ति नाम की एक चीज़ ईजाद की थी। कहना न होगा कि यह सारी शक्ति इस समय लोटे के पक्ष में थी।

लाला झाऊलाल लोटे में क्या पी रहे थे?
(a) जूस
(b) पानी
(c) दूध
(d) चाय

लोटा कहाँ से गिर रहा था?

(a) बिलवासी मिश्र के हाथ से

(b) झाऊलाल की पत्नी के हाथ से

(c) झाऊलाल के हाथ से

(d) झाऊलाल के घर से

लोटे की रफ़्तार किसकी रफ्तार से भी तेज़ थी?

(a) हवा से

(b) सूर्य की रोशनी से

(c) उल्का की चाल से

(d) चंद्रमा की चाल से

'पृथ्वी के आकर्षण शक्ति' को न्यूटन ने क्या नाम दिया?

(a) शक्तिमान

(b) गुरुत्वाकर्षण

(c) गुरुत्वाघर्षण

(d) उपर्युक्त सभी

III. निम्नलिखत में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 80 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।

1. स्वच्छ भारत अभियान

संकेत बिंदु-

- भूमिका
- स्वच्छता अभियान की आवश्यकता
- स्वच्छ भारत अभियान
- अभियान की शुरुआत

- उपसंहार

प्रदूषण की समस्या

संकेत-बिंदु -

- भूमिका
- हमारा जीवन और पर्यावरण
- पर्यावरण प्रदूषण के कारण
- प्रदूषण के प्रकार और परिणाम
- प्रदूषण रोकने के उपाय
- उपसंहार

IV. नीचे दिए गए चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य का कल्पनाशक्ति के आधार पर लगभग **100** शब्दों में वर्णन कीजिए।

V.अपनी पढ़ाई के सम्बन्ध में पिता को जानकारी देने हेतु पिता को पत्र लिखिए

अथवा

गर्मी की छुट्टियों पर अपने मित्र को अपने गाँव/शहर आने के लिए आमंत्रित करना

:-